हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 मार्च 2024

06 धजरई महंत ने किया गौशाला का निरीक्षण, भारत विश्व...



07 अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को ...





**लोक सभा क्षेत्र**

सतना

1 भाजपा प्रत्याशी
गणेश सिंह

2 कांग्रेस प्रत्याशी
सिद्धार्थ कुशवाहा

**पिछली बार कौन जीता**

गणेश सिंह

जीत का अंतर

2 लाख 31 हजार, 473

## क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

## गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी है बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।

### विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

### सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

**खबर संक्षेप**

### फेक न्यूज से रहें सावधान

**सागर।** सागर संसदीय क्षेत्र और जिलेवासियों से सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रचारित बिना तथ्यों की भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की गई है। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाते पाए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित व्हाट्एप पर ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

### अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आरओकक्ष में लेकर आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

## नरेंद्र मोदी की गारंटी, यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी : जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार के निर्देश और भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को नव मतदाताओं के बीच पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर जारी सुझाव पेटी में बहनों से सुझाव लिए गए। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का नाम विश्व पटेल पर स्थापित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल जैसी भीषण आपदा में भी देश को एक सूत्र में बांधे रखा। उन्होंने वैक्सीनेशन से न केवल देशवासियों की जान बचाई, बल्कि विदेश में भी वैक्सीन उपलब्ध कराकर भारत को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। सागर शहर में हुए विकास का यह अंतर आप साफ देख सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। कई जनहित हितैषी योजनाओं के माध्यम से निम्न वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। उनकी गारंटी ही, हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है। इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास केशरवानी, नितिन साहू सहित बड़ी संख्या में नवमतदाता बहनें उपस्थित रहीं।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे निगम के कैश काउंटर

**सागर।** वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति में कुछ ही समय शेष है इसलिए नागरिक बकाया निगम करों को जमा के लिए परेशान न हों, इसके लिए नगर निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार रंग पंचमी को छोड़कर 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी बकाया करों की राशि जमा करने हेतु नगर निगम के कैश काउंटर खुले रहेंगे साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों मे जो शिविर लगाए जा रहे हैं वह भी अनवरत जारी रहेंगे, जिनमें नागरिक अपने बकाया संपत्ति कर, जलकर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित अन्य समस्त प्रकार के बकाया निगम करों को जमा कर सकते हैं । बकाया करों को जमा करना चाहते हैं तो निगम कार्यालय में भी अपने बकाया करों को जमा कर सकते हैं ।



### डॉ. सुश्री शरद सिंह मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित

**सागर।** विगत 28 मार्च को सागर निवासी हिन्दी की प्रतिष्ठित लेखिका डॉ. (सुश्री) शरद सिंह को उनके साहित्यिक अवदान एवं इतिहास लेखन के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दीवान प्रतिपाल सिंह बुंदेला स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। छतरपुर के पर्यटक ग्राम बसारी में डॉ बहादुर सिंह परमार एवं शंकर प्रताप सिंह प्रयासों से विगत 24 वर्ष से सतत जारी बुन्देली विकास संस्थान द्वारा आयोजित बुंदेली उत्सव के 25 वें वार्षिक आयोजन में हुए सम्मान समारोह में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, विधायक ललिता यादव, खजुराहो सांसद प्रत्याशी वीडी शर्मा, राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह 'मुन्ना राजा', पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ शंकर बुंदेला, कामाख्या प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा सहित भाजपा के प्रमुख नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ शरद सिंह की विविध विषयों पर अब तक 58 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा भारतीय इतिहास पर लिखी उनकी पुस्तकें उतरप्रदेश के महाविद्यालयों में बतौर संदर्भ ग्रंथ पढ़ाई जाती है। अब तक उन्हें अनेक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

## जिला प्रशासन व नगर-निगम ने की राहतगढ़ ओवरब्रिज के पास सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात में बाधक बन रहे हाथठेला, टपरा एवं गुमठी को हटाने की कार्रवाई की गई तथा उन्हें समझाइश दी गई की मुख्य मार्ग पर हाथठेला, टपरा व गुमठी रखी पाई गई तो अब जप्ती की कार्रवाई की जाएगी । इसी प्रकार कटरा मस्जिद के पास यातायात में बाधक बन रहे लगभग 30 टपरों को 2 दिवस में हटाने के लिए दुकानदारों को समझाइश दी। उसके बाद नगर निगम द्वारा मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधक बन रहे टपरों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए टपरा दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे । जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे शासकीय भूमि पर लंबे समय से कब्जा को मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीएम विजय डेहरिया, सीएसपी यश बिजोरिया, टी आई मोतीनगर जसवंत सिंह राजपूत, उपायुक्त एस एस बघेल, नगर निगम अतिक्रमण दल, पुलिस बल उपस्थित था।



## सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पेयजल और छाया के प्रबंध सुनिश्चित हों : कलेक्टर आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर आर्य ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को ध्यानगत रखते हुए जिले की सभी आठों विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसरों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, छाया समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि मतदान केन्द्रों पर वोट डालने हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र-दमोह की अंतर्गत रहली, देवरी, बंडा मे 26 अप्रैल को एवं संसदीय क्षेत्र-05 सागर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सागर सुर्खी बीना खुरई नरयावली में सात मई 2024 को मतदान होना है। मतदान पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग के अनुसारन्यूनतमआवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है।वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु है, मतदान दिवस में अत्याधिक तापमान होने की संभावना है, इसका भी ध्यान रखा जाए। इस हेतु छाया एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए। अतः इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शत-प्रतिशत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कर इसका प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

### मतदान के दिन देना होगा संवैतनिक अवकाश

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मतदान के दिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार संवैतनिक अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिले में संस्थाओं के लिए 26 अप्रैल एवं 7 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। आदेश के मुताबिक किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान का हकदार है, उक्त अवकाश के कारण उसकी मजदूरी में कटौत्री नही की जाएगी।

### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम तीनबत्ती में होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का झंडारोहण और झंडावंदन कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर होता आया है, उसी श्रृंखला में इस माह के अंतिम रविवार को झंडावंदन कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के आफिस, राजीव गांधी भवन के पास, तीनबत्ती पर सागर लोकसभा से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह (गुड्डू राजा) बुंदेला के करकमलों से संपन्न होगा। यह आयोजन शहर कांग्रेस सेवादल और ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में होना है। कार्यक्रम में राजकुमार पचौरी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद अहिरवार विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी कांग्रेस जनों, उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीचन्द पंजवानी तनय मथुरामल पंजवानी, (सब्जी मंडी वाले) आयु 58 वर्ष निवासी नॉवल्टी गली, संतकवर राम वार्ड, सागर,म.प्र. आधार क्रमांक 269046628818 । मेरी एवं मेरी पुश्तैनी चल एवं अचल सम्पत्ति जो भी सागर, म.प्र. में है। मेरा बड़ा पुत्र महेश कुमार पंजवानी तनय श्रीचन्द पंजवानी आयु 36 वर्ष आधार क्रमांक 207385419606 द्वितीय पुत्र राहुल पंजवानी आयु 34 वर्ष आधार क्रमांक 484961225111 एवं तृतीय पुत्र आकाश पंजवानी तनय श्रीचंद पंजवानी उम्र 33 वर्ष आधार क्रमांक 869998663604 तीनों निवासी नॉवल्टी गली संतकवरराम वार्ड सागर म.प्र. जिनको आज दिनांक 28.03.2024 दिन गुरूवार को अपनी एवं मेरे हक की मेरी पुस्तैनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज दिनांक से किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा मेरे तीनों पुत्रों महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी से यदि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार या लेन-देन किया जाता है तो उसका जिम्मेदार वहीं व्यक्ति होगा। आज दिनांक 28.03.2024 दिन गुरुवार से महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी का समस्त चल एवं अचल सम्पत्तियों में कोई हक व विधिक अधिकार नहीं होगा एवं भविष्य में मुझसे किसी प्रकार की कोई चल एवं अचल संपत्ति प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। मैं समस्त सम्पूर्ण भारत वर्ष के नागरिकों को सूचित करता हूँ कि, यदि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन-देन किया जाता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी किसी प्रकार की कोई जबावदारी नहीं होगी।

दिनांक, 28.03.2024

सूचनाकर्ता
श्रीचन्द पंजवानी तनय मथुरामल पंजवानी, नावल्टी गली, संतकवरराम वार्ड, सागर ( म.प्र.)
द्वारा अधिवक्ता ए.पी.सरकार, नोटरी सागर

### अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के तहत बड़ी नदी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का लिया जायजा

## बड़ी नदी के दूसरी ओर भी एक घाट और बनाएं : विधायक शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के तहत लेहदरा नाके के पास स्थित बड़ी नदी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। गुरूवार देर शाम विधायक शैलेंद्र जैन चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान इंजीनियर फोरम के सदस्य भी मौजूद रहे। मौके पर पहुंचकर उन्होंने बड़ी नदी के इम्बेकमेंट, वाटर बॉडी के चैनल आदि का नक्शा भी देखा। निर्माण एजेंसी ने विधायक जैन को बताया कि ब्रिज के दोनों और नदी की साइड से तट बंधन किया जाएगा। इसके साथ ही दोनों ओर से रेलिंग और चैन लाइन से कवर करते हुए साइड से पैदल रोड भी बनाई जाएगी। विधायक जैन ने कहा कि बड़ी नदी में गणेश जी और दुर्गा माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होता है।



इसलिए यह वाटर बॉडीज अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब उन्होंने यहां बनने बाले घाट के बारे में जानकारी ली, तो निर्माण एजेंसी ने बताया कि यहां घाट का निर्माण नहीं होना है। विधायक जैन ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि यहां दो घाटों का निर्माण किया जाएं। ताकि प्रतिमा विसर्जन के दौरान दोनों ओर से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा सके। उन्होंने मौजूदा घाट के सामने नदी की दूसरी ओर भी एक घाट का निर्माण करने के लिए निर्देश दिए है। इसके साथ ही नदी के दोनों ओर पिचिंग करने के भी कहा। इस दौरान इंजीनियरिंग फोरम के सदस्यों ने भी सुझाव रखे।इस अवसर पर इंजी राजेश मिश्रा, इन्जी राजीव चौरसिया, निर्भय घोसी, रामेश्वर नेमा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश



**टीकमगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक तारिक माबूद आईआरएस (सी-सीई) की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में व्यय निगरानी के गठित दलों एफएसटी, एसएसटी, व्हीव्हीटी, व्हीएसटी, एटी, इनकम टेक्स, जीएसटी, पीआरओ, एक्साईज आदि के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, उपसंचालक सामाजिक न्याय अधिकारी आरके पस्तोर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।
बैठक में व्यय प्रेक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया कि सभी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाईन का पालन करते हुये अपने अधिकारों का उपयोग कर कार्यवाही करें। उन्होंने त्वरित कार्यवाही के साथ निरपेक्ष व पक्षपातहीन तरीके से कार्य करने के निर्देष दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार का संषय या कठिनाई आये तुरंत संबंधित अधिकारी से जानकारी लें। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये।
व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि एसएसटी टीम ऐसी जगह टेन्ट लगायें जहां एक साथ 10 वाहनों को खड़ा कर चेक कर सकें। उन्होंने कहा कि चेक की गई गाड़ी का नंबर, यात्री, मोबाईल नंबर, रजिस्टर में अंकित करें, जिसमें समय व दिनांक का उल्लेख हो। एफएसटी टीम का कार्य लगातार निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देषित किया गया कि उड़नदस्तों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा निरन्तर चैकिंग अभियान चलाया जाये। पुलिस अमले को चैकिंग के दौरान आमजन एवं महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार के निर्देश दिये जायें। आबकारी विभाग सख्ती से कार्यवाही कर अवैध शराब तथा नशीले पदार्थों के परिवहन, वितरण और विक्रय पर रोक लगाये।

### साइकिल रैली 31 को, अब तक 740 ने ऑन लाइन पंजीयन कराया

**विदिशा।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से 31 मार्च को साइकिल रैली निकाली जाएगी। जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी भी साइकिल रैली में शामिल होंगे। रविवार 31 मार्च की सुबह 7 : 30 बजे से जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित साइकिल रैली एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ होकर पीतलमील चौराह, कांच मंदिर, तिलक चौक से होते हुए एमएलबी स्कूल और फिर खेल मैदान स्टेडियम में संपन्न होगी। जिला प्रशासन के द्वारा साइकिल रैली के पंजीयन हेतु जारी लिंक https://forms.gle/SyqrPHZW4EM7hmQJ8 पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने का आव्हान किया गया है। अब तक 740 पंजीयन हो चुके हैं।

### आगजनी से दो किसानों की फसल जली

**विदिशा।** कुआखेड़ी में गुरुवार को गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग से दो किसानों के 5 बीघा खेत में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। खेत में आग लगने की सूचना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया, क्याकि दूसरे किसानों को आग और फैलने का डर बना हुआ था। ग्रामीण आग बुझाने के लिए ट्रैक्टर में पंजा लगाकर पहुंचे और खड़ी फसल पर चला दिया, ताकि आग को फैलने से रोका जा सके। कुछ लोग हरी डालियों को तोड़कर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे विनय सिंह का खेत है। दोपहर के समय उनके खेत में आग लग गई। आसपास के खेतों में कटाई चल रही थी।

# धजरई महंत ने किया गौशाला का निरीक्षण, भारत विश्व गुरु व सोने की चिड़िया थी: महंत सीताराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दिल्ली में मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज पर जिले में मोहल्ला गौशाला बनाये जाने का सपना सजोये शहर का युवा राहुल मिश्रा निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी ने अपने घर से इसकी शुरुआत की और घर मे एक गौशाला खोल दी। गौभक्त राहुल मिश्रा द्वारा घर मे गौशाला खोले जाने की जानकारी जब शहर के प्रशिद्ध हनुमान मंदिर धजरई के महंत सीताराम दासजी महाराज को हुई तो कुंवरपुरा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंचे और गौशाला की व्यवस्था देखकर सराहना करते हुए खुशी जाहिर की। घर मे ही गौशाला बनाकर गौमाता को अच्छी स्थिति में रखते हुए देखकर महंत सीताराम दासजी ने कहा कि राहुल मिश्रा जैसे युवाओं के आने से गौवंश सुरक्षित होगा और सुरक्षित गौवंश की वजह से हमारा देश पुनः संपन्न हो सकता है। क्योंकि गौवंश ही गौधन है जिससे संपन्नता आती है। इसलिए गौभक्त राहुल मिश्रा द्वारा टीकमगढ़ के प्रत्येक मोहल्ले में मोहल्ला गौशाला स्थापित कराए जाने का सपना हम सब मिलकर पूरा करने का प्रयास करेंगे।

इस मौके पर महंत सीताराम दासजी महाराज ने कहा कि भारत देश सोने की चिड़यि इसलिए कहलाता था क्योंकि भारत की सपन्नता का कारण गौधन थी। गाय माता को पूर्व में गौधन माना जाता था जिसका उल्लेख महाभारत काल मे भी मिलता है। महंत सीताराम दास जी ने बताया कि जब पांडव भेष बदलकर एक वर्ष का अज्ञातवास विराटनगर में काट रहे थे तभी हस्तिनापुर ने विराटनगर पर आक्रमण कर गौवंश को लूटने का प्रयास किया था क्योंकि गौधन की वजह से विराटनगर बेहद संपन्न राज्य था। तब अर्जुन ने हस्तिनापुर की सेना को हराकर विराटनगर की रक्षा की थी।

महंत सीताराम दास जी ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन भूसा को जिले से बाहर जाने से नहीं रोकेगा तो आंदोलन होगा। साथ ही गौवंश की सुरक्षा के लिए भी इंतजाम करना होगा।

## जिलाबदर बदमाश अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बम्हौरीकलां उप निरीक्षक नितेश जैन के नेतृत्व में शुक्रवार को बम्हौरीकलां पुलिस द्वारा जिलाबदर आरोपी हरिराम उर्फ हरिया पुत्र चन्ने अहिरवार निवासी ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग को उसके ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग से जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर एवं अवैध एक 315 बोर के देशी कट्टा व एक 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्हौरीकलां उप निरीक्षक नीतेश जैन, सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर, आरक्षक संगम, आरक्षक कृष्ण कुमार, अवध, रवि, धनराज शामिल रहे।

## दो इनामी आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी से अवैध 315 बोर का कट्टा व एक 315 बोर के जिंदा कारतूस जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा ईनामी, फरारी, स्थाई वारंटीयों को पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी के नेतृत्व में शुक्रवार को चौकी मंजना पुलिस द्वारा दो ईनामी आरोपीयों को गिरफ्तार किया। 3 हजार रुपए का 4 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई ईनामी वारंटी हरी पुत्र अंगद गोस्वामी 34 वर्ष निवासी सिद्ध गणेश मोहल्ला छतरपुर को ग्राम हरदूटोला थाना रजपुरा जिला दमोह से गिरफ्तार किया गया। वही 2 हजार रुपए के इनामी वारंटी भज्जू उर्फ हरिहर पुत्र विजय सिंह यादव 28 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना बल्देवगढ़ को ऊबेर तिगैला रामपुर से एक अवैध 315 बोर के देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मंजना उप निरीक्षक राम सेवक झा, उप निरीक्षक मयंक नागायच,प्रधान आरक्षक घनश्याम, प्रधान आरक्षक रहमान खान, आरक्षक प्रशांत, आरक्षक संदीप, आरक्षक तेजराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई

# दो लाख की शराब सहित किया ट्रैक्टर जब्त, आरोपियों को भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले के पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार अवैध कारोबार तथा उन्हें करने वाले अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस बल को निर्देशित किया गया है।

उसी के तहत पुलिस द्वारा 60 पेटी देशी मदिरा प्लेन के कुल मात्रा 5 सौ 40 लीटर जिसकी कीमती करीबन 2 लाख 10 हजार मय ट्रेक्टर एवं ट्राली कीमती 5 लाख रूपये कुल मशरूका कीमती 7 लाख 10 हजार रूपये का जब्त कर पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ राहुल कटरे के मार्गदर्शन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर चौकी अस्तौन पुलिस द्वारा अस्तौन के गुणा भदौरा तिगैला अस्तौन मे आरोपी हरीराम पाल पुत्र सुखदीन पाल 35 वर्ष निवासी भदौरा थाना सौजना जिला ललितपुर को ट्रेक्टर से ट्राली में 60 पेटी देशी मदिरा प्लेन के प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर कुल मात्रा 540 लीटर कीमती करीबन 2 लाख 10 हजार को मय ट्रेक्टर एवं ट्राली कीमती 5 लाख रूपये कुल मशरूका कीमती 7 लाख 10 हजार रूपये को मौके से जब्त किया गया एवं थाना कोतवाली टीकमगढ मे अपराध क्र0 318/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया है।

उक्त कार्यवाही मे थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, सहायक उप निरीक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक मनोज, अमर प्रताप, आरक्षक रीतेश, अनिल, मुकेश, अरविंद, संतोष, कोमल, कमलेश सोनी, पप्पन शामिल रहे।

**22 हजार से अधिक की अवैध शराब जब्त कर आरोपी किया गिरफ्तार:** टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब विक्रय परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना देहात पुलिस को शुक्रवार को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना देहात के ग्राम लखौरा में एक व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब विक्रय के लिए अपने बेडा में बने टपरा में रखे हुए हैं।

उक्त सूचना की तस्दीक के लिए मय हमराह स्टाफ के मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचा तो एक व्यक्ति खड़ा हुआ था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा उसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व उसके बेड़ा में जानवर बांधने वाले टपरा को चेक किया तो एक कपड़े से कुछ ढका हुआ था जो कपड़ा हटाकर देखा तो सात खाकी रंग के गत्ते के कार्टून मिले जिनको चेक किया। जिसमें देशी मदिरा प्लेन का लेवल लगा हुआ कुल 7 पेटियां देशी मदिरा प्लेन की मात्रा 63 लीटर कीमती 22 हजार 750 रुपए की रखी मिली जो उक्त संबंध में व्यक्ति का नाम पता व शराब बेचने का लाइसेंस पूछा जिसने अपना नाम अनंतराम पिता रट्टी यादव 58 वर्ष निवासी ग्राम लखौरा का होना बताया एवं शराब के संबंध में कोई भी दस्तावेज होना नही बताया जिसका अपराध धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत पाये जाने से मौके पर उक्त शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है ।

उक्त कार्वाई में निरीक्षक रवि कुमार गुप्ता थाना प्रभारी थाना देहात, उप निरीक्षक रघुराज सिंह, सह उप निरीक्षक रेवाराम सिंह, प्रधान आरक्षक रज्जन, रघुवीर, रामकृष्ण, शैलेंद्र, अभय, विकास, आरक्षक अवनीश पुरी, धीरज, भुवनेश्वर, मनोज, अरबाज व एनआरएस अफरोज की सराहनीय भूमिका रही।

## दोनों पार्टियों के प्रत्याशी घोषित हुए, चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज

# 33 साल बाद प्रतापभानु और शिवराज सिंह चुनाव में फिर आमने-सामने हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा





लोकसभा सीट विदिशा में 33 सालों बाद फिर से 77 वर्षीय पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा को कांग्रेस से टिकट मिल गया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से उनका चुनावी मुकाबला होगा।

प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके 64 वर्षीय शिवराज सिंह चौहान के टिकट पहले ही घोषित हो चुका है। प्रतापभानु शर्मा विदिशा से दो बार सांसद रह चुके हैं और शिवराज सिंह चौहान पांच बार सांसद रहे। इसके बाद 18 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद फिर से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर चुके हैं। भाजपा ने विदिशा से शिवराज सिंह चौहान को उम्मीदवार काफी पहले ही घोषित कर दिया है। वहीं कांग्रेस में काफी विचार मंथन के बाद प्रतापभानु शर्मा को कांग्रेस से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही उम्मीदवारों के लिए संसद पद के लिए यह छठवां चुनाव है। अब चुनावी बिगुल बज चुका है, प्रचार भी शुरू हो गया है।

### 1952-1962 निर्वाचन क्षेत्र मौजूद नहीं था

1967 पंडित शिव शर्मा, जनसंघ
1971 रामनाथ गोयनका, जनसंघ
1977 राघवजी, जनता पार्टी
1980 प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस
1984 प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस
1989 राघवजी भारतीय जनता पार्टी
1991 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा
1991 शिवराज सिंह चौहान भाजपा
1996 शिवराज सिंह, भाजपा
1998 शिवराज सिंह, भाजपा
1999 शिवराज सिंह, भाजपा
2004 शिवराज सिंह, भाजपा
2006 रामपाल सिंह, भाजपा
2009 सुषमा स्वराज, भाजपा
2014 सुषमा स्वराज, भाजपा
2019 रमाकांत भार्गव, भाजपा

**नामांकन रायसेन में जमा होंगे:** विदिशा लोकसभा सीट वर्तमान में 4 जिले की 8 विधानसभाओं की है। जिसमें विदिशा जिले की विदिशा और गंजबासौदा, सीहोर जिले की बुधनी और इछावर सहित देवास जिले की खातेगांव कन्नोद विधानसभा भी शामिल हैं। इनके अलावा रायसेन जिले की तीन विधानसभाओं में सांची, भोजपुर, सिलवानी शामिल हैं। नोडल जिला रायसेन है और नामांकन रायसेन मुख्यालय पर जमा होंगे।

**1967 तक विदिशा गुना में था शामिल:** देश में हुए शुरुआती तीन लोकसभा चुनावों में विदिशा जिला गुना संसदीय क्षेत्र में शामिल था। 1952 में गुना भेलसा लोकसभा सीट से हिंदू महासभा के बीजी पांडे पहले सांसद चुने गए थे। 1957 में सीट का नाम गुना -विदिशा हो गया था और यहां से राजमाता विजयाराजे सिंधिया चुनी गईं। 1962 में हिन्दु महासभा के रामसहाय पांडे चुनाव जीते थे।

### 7 मई को मतदान

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विदिशा एवं सागर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। 19 अप्रैल तक दावेदारी के लिए नाम निर्देश पत्र जमा होंगे। 20 अप्रैल को फार्मों की जांच होगी। 22 अप्रैल तक फार्म वापस लिए जा सकेंगे। 7 मई को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी। विदिशा जिले की विधानसभा शमशाबाद, सिरोंज एवं कुरवाई यह सागर लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। वहीं विदिशा लोकसभा में जिले की गंजबासौदा एवं विदिशा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### राघवजी से दो बार चुनाव जीत चुके प्रतापभानु शर्मा

6 मार्च 1947 को जन्मे प्रतापभानु शर्मा 1980 में राघव जी से चुनाव जीतकर पहली बार सांसद चुने गए। 1984 में भी राघवजी से ही चुनाव हुआ और दूसरी बार सांसद चुने गए। इसके बाद 1989 का चुनाव भी राघव जी से हुआ और श्री शर्मा चुनाव हार गए। करीब डेढ़ साल बाद ही वीपी सिंह और चंद्रशेखर के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार गिर गई और पुनः चुनाव हुए। मई 1991 में हुए इस चुनाव में भी भाजपा के राघव जी ही उम्मीदवार थे। राघव जी ने नामांकन भी दाखिल कर दिया था। लेकिन ऐनवक्त पर भाजपा ने राष्ट्रीय नेता अटल बिहारी वाजपेयी को लखनऊ के साथ विदिशा से चुनाव में उम्मीदवार बना दिया। इस चुनाव में अटल जी दोनों जगह से चुनाव जीत गये। विदिशा सीट से इस्तीफा देने के बाद नबंवर 1991 में लोकसभा सांसद के लिए उपचुनाव हुआ तो भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को और कांग्रेस ने लगातार पांचवी बार प्रतापभानु शर्मा को ही उम्मीदवार बनाया था। शिवराज सिंह चौहान ने यह चुनाव बुधनी से विधायक रहते हुए 33 वर्ष की उम्र में जीता था।

# मंदिर के पास हुई गोकशी की घटना से फैला आक्रोश

## विधायक सप्रे ने सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

नगर में बेतवा नदी के किनारे गोकशी की घटना से नगर में आक्रोश फैल गया। राज मंदिर मुरलीधर मंदिर एवं नहर वाले हनुमान जी के मंदिर के पीछे बुधवार की रात में कुछ सामाजिक तत्वों ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया। गोमांस अपने साथ ले गए और अवशेष वहीं पर छोड़ दिए। सुबह लोगों ने जब घटनास्थल पर गोवंश के अवशेष देखे तो विधायक हरि सिंह सप्रे को सूचना दी।

विधायक सप्रे ने तत्काल पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए और स्वयं भी घटनास्थल पर पहुंच गए। विधायक सप्रे ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों से अपील की। गोकशी की घटना की सूचना मिलते ही नगर में माहौल गर्म हो गया। मामले की गंभीरता को समझते एसडीओपी मनीष राज एवं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया

प्रशासन ने नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन से चर्चा कर आश्वस्त किया कि कथित अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस ने गोवंश वध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है। साथी ही कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शीघ्र आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

### नगर का माहौल खराब करने की कोशिश

प्रशासन होली एवं रंगपंचमी एवं लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। वहीं रंग पंचमी पर कुरवाई के समीप करीला मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस उक्त मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यस्त रहती है। इसी के बीच आसामाजिक तत्व नगर की शांति व्यस्था भंग करने के उद्धेश्य से उक्त घटना को अंजाम दिया। सोचने वाली बात यह है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि नगर के बीचों-बीच धार्मिक स्थल के पास गोवंश की हत्या कर दी गई।

## युवक पर किया जानलेवा हमला

**विदिशा।** नमाज पढ़कर लौट रहे एक युवक पर उसके ही समाज के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। वारदात की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। काली मस्जिद में नवाज पढ़कर बाहर निकलते समय अकरम खान पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। अकरम खान ने बताया कि कल्लू खा पड़ोस में रहते हैं इनका परिवार हमें परेशान करता है। कोतवाली टीआई मनोज दुबे ने बताया कि काली मस्जिद के पास दो पक्षों में विवाद हुआ है। दोनों ही पक्ष के लोगों ने थाने में मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मतदान केन्द्रों पर पानी और छाया की व्यवस्था हो

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसरों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, छाया समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 144-विदिशा, 145-बासौदा एवं संसदीय क्षेत्र-05 सागर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 146- कुरवाई, 147-सिरोंज, 148-शमशाबाद (नटेरन) में सात मई को मतदान होना है। मतदान पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है।

## गेहूं का भूसा परिवहन पर प्रतिबंध लगा, आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने ग्रीष्म ऋतु में हरे चारे घास की कमी को देखते हुए गोवंश के उपयोग एवं जिले में संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति के लिए केवल गेहूं भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात या परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। यह आदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक के प्रस्ताव से सहमत होकर जारी किया गया है। उक्त आदेश मात्र गेहूं भूसा निर्यात को प्रतिबंधित किया गया है। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा तथा ज्वार एवं धान के डंठल के निर्यात या परिवहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

## पुराना जिला अस्पताल परिसर में खुलेगा पॉली क्लिनिक

# शहरवासियों को मिलेगी एक और प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की सौगात के बाद अब शहर वासियों को शहर के भीतर ही आसानी से इलाज़ मुहैया कराने की सौगात मिलेगी। यह सौगात सरकार द्वारा हर जिले में एक पॉली क्लिनिक स्थापित करने की योजना के तहत पुराना जिला अस्पताल में मिलेगी।

प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र के नागरिकों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधा मिले इस उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 157 पॉली क्लीनिक बनाए जाने की योजना बनाई है। यह पॉलीक्लिनिक हर शहर में दिए तीन संजीवनी क्लिनिक में से एक को विकसित कर बनाना है ।स्वास्थ्य विभाग ने श्योपुर शहर में पॉलीक्लिनिक विकसित करने के लिए उपलब्ध कराए गए तीन संजीवनी क्लिनिकों में से एक को पॉलीक्लिनिक के रूप में विकसित करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पुराना अस्पताल परिसर में तीन में से एक संजीवनी क्लिनिक बनाने की सिफारिश की थी ताकि उसे बाद में पॉलीक्लिनिक के रूप में विकसित किया जा सके। नगर पालिका परिषद ने तीनों संजीवनी क्लिनिक विभिन्न वार्डों में बनाने के टेंडर आमंत्रित कर दिए जबकि एक संजीवनी क्लिनिक पुराना अस्पताल परिसर में बनाया जाना प्रस्तावित था लेकिन बाद में थोड़ी न नुकर के बाद परिषद ने पुराना अस्पताल परिसर में संजीवनी क्लिनिक का निर्माण शुरू कर दिया। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका दोनों में ही संजीवनी क्लिनिक बनाने को लेकर खूब विवाद हुआ था इस मामले में ड्रग एसोसिएशन ने आवेदन देकर तीसरे संजीवनी क्लिनिक को पुराना अस्पताल परिसर में ही बनाने की मांग की थी ताकि उसे पॉलीक्लिनिक के रूप में डेवलप किया जा सके। ज्ञात हो कि नगर पालिका की नजर अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण कराकर व्यवसायिक उपयोग करने पर थी जिसके चलते वह यहां संजीवनी क्लिनिक लाकर दोबारा स्वास्थ्य सेवा चालू नहीं होने देना चाहती थी। अब यहां पर संजीवनी क्लीनिक का निर्माण शुरू हो गया है तो देर सवेर पॉलीक्लिनिक भी बन जाएगा।




### क्या मिलनी है पॉली क्लिनिक में स्वास्थ्य की सेवाएं

पॉली क्लीनिक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तरह विकसित किया जाना है इसमें एक मेडीकल ऑफीसर के साथ-साथ शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ पदस्थ होंगे। जिला अस्पताल की शहर से दूरी अधिक होने और समय पर डॉक्टर नहीं मिलने की वजह से नागरिकों को कई बार बिना इलाज कराएं लौटना पड़ता है। ऐसे में शहर के बीचो-बीच पॉली क्लीनिक बन जाने से जहां नागरिकों को शहर में ही आसानी से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होगी वहीं जिला अस्पताल पर भी मरीजों का भार कम होगा।

### इस प्रकार विकसित होगी स्वास्थ्य सेवा

सरकार ने हर शहर में तीन संजीवनी क्लीनिक दिए है इन क्लीनिको में से एक क्लीनिक को पॉली क्लिनिक के रूप में विकसित किया जाना है। स्वास्थ्य विभाग ने इन संजीवनी क्लीनिक के निर्माण की जिम्मेदारी नगर पालिका को देते हुए प्रति क्लीनिक 25 लाख के हिसाब से 75 लाख रूपए भी दिए थे। तब स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने परामर्श दिया था कि एक क्लीनिक नहर के आसपास बार्ड क्रमांक 10 या उससे लगे किसी वार्ड में बनाया जाए दूसरा क्लीनिक किला क्षेत्र या आसपास के वार्डों में बनाया जाए तीसरा संजीवनी क्लीनिक पुराना जिला अस्पताल में बनाया जाए ताकि उसे शहर के बीचो-बीच और सारे संसाधन पहले से मुहैया होने के चलते उसे पॉली क्लिनिक के रूप में विकसित करने में आसानी हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पुराना अस्पताल में अपनी बिल्डिंग का उपयोग करने की भी परमिशन दी थी लेकिन नगर पालिका ने पुराना अस्पताल के बजाय शहर के अन्य वार्डों में संजीवनी क्लीनिक बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित कर दिए लेकिन अब पुराना अस्पताल परिसर में ही संजीवनी क्लिनिक का निर्माण शुरू करा दिया है।

### इनका कहना है

पुराना अस्पताल परिसर में बनने वाले संजीवनी क्लिनिक को पॉली क्लीनिक के रूप में परिवर्तित करेंगे। साथ ही पुराना अस्पताल परिसर में डॉक्टर और स्टाफ के रहने के लिए 45 आवास बनाए जाने हैं जिसकी स्वीकृति शासन से मांगी है।

**डॉ जेएस राजपूत**
**सीएमएचओ श्योपुर**

---

## तीन पीएम श्री स्कूलों को मिली अतिरिक्त कक्षों की सौगात

# गोहेडा के पीएम श्री स्कूल में खुलेगी 'अटल' लैब, शासन से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम श्री योजना के तहत चयनित शासकीय हाईस्कूल गोहेडा के छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक लेबोरेटरी की सौगात मिल गई है। यहां नीति आयोग और इसरो की मदद से अटल टिकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगों के साथ ही रोबोटिक्स उपकरणों, थ्रीडी इमेज जैसे तकनीकी प्रयागों से भी परिचित कराया जाएगा। इस लैब के निर्माण के लिए शासन के द्वारा 16 लाख 30 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जबकि तीन पीएम श्री स्कूलों के लिए अतिरिक्त कक्षों की स्वीकृति भी दी गई है।

यहां बता दें कि पीएम श्री योजना के तहत श्योपुर जिले में चार स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें शासकीय मावि क्रमांक 02 श्योपुर, शासकीय उमावि सेसईपुरा, शासकीय हाईस्कूल गोहेडा और श्यामपुर स्कूल शामिल है। बताया गया है कि पीएम श्री योजना के तहत चयनित शासकीय हाईस्कूल गोहेडा में अटल लैब और एक अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति शासन की ओर से दी गई है। जबकि शासकीय मावि क्रमांक 02 श्योपुर और शासकीय उमावि सेसईपुरा के लिए भी एक-एक अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किया गया है।




### 16 लाख 30 हजार से बनेगा एक अतिरिक्त कक्ष

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शासकीय हाईस्कूल गोहेडा में लैब निर्माण के लिए जहां 16 लाख 30 हजार रूपए की राशि स्वीकृत हुई है। वहीं इतनी ही राशि अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भी स्वीकृत हुई है। जिसके चलते गोहेडा स्कूल में दोनों कार्यो के लिए 32 लाख 60 हजार रूपए की राशि जल्द ही शासन की ओर से दी जाएगी। जबकि शाउमावि सेसईपुरा और शामावि क्रमांक 02 श्योपुर में भी अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए भी 16.30-16.30 लाख रूपए की राशि जल्द ही जारी हो जाएगी।

### यह होंगी व्यवस्थाएं

इस लैब में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई तरह के अत्याधुनिक गैजेट होंगे। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, विज्ञान, रोबोटिक्स, सहित शैक्षिक टीचिंग किट जैसे उपकरण शामिल होंगे। इसमें बायोटेक, सेंसर, जॉयस्टिक आदि से संबंधित तकनीकी उपकरणों और प्रायोगिक कार्य की किट होगी। जिसके माध्यम से प्रयोगशालाओं में युवाओं को टूल और उपकरणों के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

### स्वीकृति मिली

पीएम श्री योजना में चयनित शासकीय हाईस्कूल गोहेडा में अटल बनाई जाएगी। वहीं तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की स्वीकृति भी शासन से मिली है।

**आरएस तोमर**
**डीईओ, श्योपुर**

---

# आमजनता के बीच सुधारे पुलिस की छवि ईमानदारी से निभाएं अपना कर्तव्य:एसपी

**एसपी ने क्राइम मीटिंग में पुलिस की छवि सुधारने और पेंडिंग अपराधों का निराकरण करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शुक्रवार को एसपी अभिषेक आनंद ने पुलिस कंट्रोलरूप में श्योपुर और बडौदा सब डिवीजन के थाना प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। अपनी पहली क्राइम मीटिंग में एसपी ने पुलिस को जनता के बीच छवि सुधारने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाए जाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी उनके पास न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले लोगो की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करें। पुलिस कंट्रोलरूम में दोपहर करीब 12 बजे से शुरू हुई पुलिस की क्राइम मीटिंग शाम करीब चार बजे तक चली। पहली क्राइम मीटिंग में एसपी अभिषेक आनंद ने पहले सभी थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया और थाने वार अपराधों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि कानून व्यवस्था में कसावट लाई जाए और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो,इसके लिए भी सभी जरूरी कार्रवाई समय सीमा में की जाए। फरार अपराधियों को दबोचने के साथही गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एसपी ने कहा कि गैर कानूनी काम अब किसी भी थाना क्षेत्र में नहीं चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पेंडिंग अपराधों का निराकरण किया जाए तथा विवेचना की कार्रवाई पूरी कर समय सीमा में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। बैठक में सभी पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद थे।

---

# कपिल बने आजाद समाज पार्टी के श्योपुर जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

युवा उत्साही कार्यकर्ता कपिल बैरवा आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। उनका यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की सहमति के बाद संभागीय प्रभारी नीरज चंदोरिया ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया है।



---

# चुनावी सभाओं के लिए स्थान निर्धारित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोक सभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए की जाने वाली चुनावी सभाओं के लिए विधान सभा क्षेत्र श्योपुर अन्तर्गत स्थान निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ ही रैली, जुलूस के लिए रूट का निर्धारण भी किया गया है। श्योपुर एसडीएम मनोज गरवाल ने बताया कि चुनावी सभाओं के लिए श्योपुर में श्री हजारेश्वर मेला ग्राउण्ड, वीर सावरकर स्टेडियम ग्राउण्ड, रिसक पट्टी चम्बल कॉलोनी तथा हैवी मशीनरी ग्राउण्ड सभा स्थल के रूप में निर्धारित किये गये है। इसी प्रकार बडौदा में शिवरात्रि मेला मैदान को चुनावी सभाओं के लिए सभा स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है। रैली एवं जुलूस के लिए भी रूट निर्धारित किये गये है। श्योपुर मुख्यालय पर दो रूट निर्धारित किये गये है। पहला रूट जय स्तम्भ से गणेश बाजार होते हुये पुल दरवाजा होकर पटेल चौक तक तथा दूसरा रूट सलापुरा नहर से पटेल चौक तक निर्धारित किया गया है। बडौदा में बागर तिराहे से अस्पताल रोड, बस स्टैण्ड रोड से होते हुये जल मंदिर चन्द्रसागर मार्ग से शिवरात्रि मेला मेदान तक का मार्ग रैली एवं जुलूस के लिए निर्धारित किया गया है। हैलीपेड के लिए भी स्थान चयनित किये गये है। श्योपुर में वीर सावरकर स्टेडियम ग्राउण्ड तथा बडौदा में कृषि उपज मण्डी प्रांगण को हैलीपेड स्थल के रूप में निर्धारण किया गया है।

---

### रमजान माह के तीसरे शुक्रवार पर पढ़ी जुमा की विशेष नमाज

**श्योपुर।** रमजान माह के रोजे 12, मार्च से शुरू हो गए हैं। रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में भी नमाजियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई हैं। शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमा पर नमाजियों की भारी भीड़ मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंची। अधिक भीड़ के आने से मस्जिद कमेटियों को मस्जिद के बाहर व छतों पर नमाज अदा करानी पड़ी। वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में एक बार ओर खास मस्जिदों में ही अदा की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी। उधर बोहरा समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज में सभी महिला व पुरुषों ने एक-साथ मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा की। नमाज के बाद आमिल साहब ने विश्व शांति के लिए दुआं की। दुआं के बाद मस्जिद में लगी एलईडी के माध्यम मौलाना साहब का मुंबई से संदेश प्रसारित किया गया।



---

# रतोदन के जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के रतोदन के आगे जंगल में एक ग्रामीण की फांसी के फंदे पर झूलती लाश मिला है। हालांकि मौत के कारणों का अभी पता नही चला है, लेकिन मृतक के परिवार के लोग हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं। इस मामले की जांच के लिए घटना स्थल पर एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर, एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर भी पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

बडौदा पुलिस ने बताया कि ग्राम मूंझरी निवासी इंदर पुत्र तुलसी आदिवासी 40 वर्ष की लाश शुक्रवार को रतोदन के आगे जंगल में एक पेड से फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। वह दो दिन पहले अपने घर से बकरी चराने के लिए निकला था, लेकिन लौटकर घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने आरोप लगाया कि इंदर की हत्या की गई है और फिर उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया है। इस मामले में एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने बताया कि परिजन को आरोप हत्या किए जाने का लगा रहे है, लेकिन इंदर की मौत कैसे हुई,इस बारे में अभी कुछ बताना संभव नहीं है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी,इसलिए फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी स्थिति सामने आएगी, उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

---

# 13 साल से फरार वारंटी को झाबुआ से दबोच कर विजयपुर लाई अगरा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने इन दिनों फरार अपराधियों को दबोचने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में श्योपुर जिले की अगरा थाना पुलिस ने 13 साल से फरार वारंटी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। विशेष बात यह है कि अगरा थाना पुलिस इस वारंटी को झाबुआ से दबोचकर विजयपुर लाई और यहां विजयपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

एसडीओपी विजयपुर राजेश तिवारी ने बताया कि वारंटी केकू उर्फ कैगू पुत्र कालू उर्फ कालिया भील निवासी पिपरवास के खिलाफ अगरा थाने में वर्ष 2011 में एक अपराध दर्ज हुआ था। तब से ही केकू इस मामले में फरार चल रहा है। मुखबिर के जरिए केकू भील के झाबुडा में होने की एक सटीक सूचना मिली। इस सूचना पर अगरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन, सहायक उप निरीक्षक सतेन्द्र सिंह सिकरवार और आरक्षक शिवराम चौहान के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर झाबुआ पहुंचे। जहां उन्होने केकू भील को अरेस्ट कर लिया और उसे विजयपुर लाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस मामले में कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम को पुलिस कप्तान के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।



---

## नितनवास के पास हुआ हादसा, लोगों की भीड़ ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगाई आग

# अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में अवैध रूप से दौड़ रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लोगों की जान ले रही हैं। शुक्रवार को वीरपुर थाना क्षेत्र में रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार लोगों को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक 8 साल का बालक भी शामिल है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पहले तो घटना स्थल पर जाम लगाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगा दी। इसके बाद तहसील मुख्यालय वीरपुर पहुंचकर श्योपुर-मुरैना हाइवे पर जाम लगा दिया।

जाम खुलवाने के लिए पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी वीरपुर पहुंच गए। वहीं वीरपुर थाने सहित आसपास के पुलिस थाने का फोर्स भी वीरपुर पहुंच गया। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइस देकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण इस बात पर अड़ गए कि पहले दोषी ट्रैक्टर चालक को अरेस्ट करो, इस मामले में जो भी दोषी है,उन पर कार्रवाई करो और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के साथ सरकारी नौकरी दो, तब जाकर हम जाम हटाएंगे। कलेक्टर लोकेश कुमार और एसपी अभिषेक आनंद भी वीरपुर पहुंचे। उन्होंने भी पीड़ित परिवार के लोगों से चर्चा कर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम नितनवास निवासी जितेन्द्र केवट 24 वर्ष शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर खरीदारी के लिए वीरपुर आ रहा था। बाइक पर उसके साथ उसकी पत्नी शिया केवट 22 वर्ष, कुसुम केवट 19 वर्ष तथा अवकेष 8 वर्ष भी सवार था। नितनवास से कुछ दूर चलने के बाद इनकी बाइक को रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार 8 वर्षीय बालक अवकेष केवट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें वीरपुर अस्पताल भेज दिया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सडक से नीचे उतरकर पलट गई और उसका चालक मौके से फरार हो गया।



### गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम, ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगाई आग

जैसी इस हादसे की खबर नितनवास गांव के ग्रामीणों तक पहुंची, वैसे ही गांव के महिला और पुरूष आक्रोशित होकर घटना स्थल पर एकत्रित हो गए। जिन्होने ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगाकर घटना स्थल पर जाम लगा दिया। यह जाम लगभग तीन घंटे तक लगा रहा। हालांकि जाम खुलवाने के लिए वीरपुर थाने का पुलिस फोर्स सहित प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन घंटे तक जाम नहीं खोला।

### जितेन्द्र की मौत की खबर से और बढ़ा आक्रोश, वीरपुर आकर लगाया जाम

इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए जितेन्द्र केवट को वीरपुर अस्पताल से सबलगढ के लिए रैफर कर दिया गया, लेकिन सबलगढ़ ले जाने के दौरान रास्ते में जितेन्द्र केवट की मौत हो गई। जितेन्द्र की मौत होने की खबर जैसे ही घटना स्थल पर जाम लगाए बैठे आक्रोशित ग्रामीणों तक पहुंची तो उनका आक्रोश और भडक गया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल से उठकर वीरपुर आ गई और यहां ग्रामीणों की भीड़ ने वीरपुर में जाम लगाकर बाजार बंद करा दिया।

---


## अधिक सूख जाने से बालियों से झड़ने लगे दाने, अन्नदाता हैरान

# छोटे किसानों को खेतों में खड़ी फसल काटने नहीं मिल रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इस बार गेहूं की बंपर पैदावार से किसान के साथ शासन-प्रशासन भी सुखद अनुभूति महसूस कर रहा है। जानकारों की माने तो इस बार गेहूं की आवक पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी। चारों और गेहूं कटाई उत्सव की तरह चल रहा है। किसी खेत में चेतुए (खेतीहर मजूदर) फसल कटाई कर रहे हैं तो कहीं कम्पाइन मशीन खेत में खड़ी फसल से गेहूं निकालने का काम कर रही है। इसके उलट कुछ खेत ऐसे भी है जहां पर फसल पक जाने के बाद भी गेहूं कटाई नहीं होने से गेहूं बालियों से बिखर कर गिरने लगे है।

ऐसी स्थिति शहरी व कस्बों के आस-पास दो से तीन बीघा जैसे छोटे खेतों में होने वाली फसलों की है। इन फसलों को काटने के लिए न तो मजदूर मिल पा रहे हैं और बहुत कम कटाई होने के कारण कंपाइन मशीन वाले भी ऐसे खेतों की फसलों को काटने में रूचि नहीं लेते। एक अनुमान के अनुसार श्योपुर जिले में करीब 50 कम्पाइन मशीनें गेहूं कटाई कर रही है। इसी तरह करीब 05 हजार से अधिक महिला-पुरूष(चेतुए) गेहूं कटाई कर रहे है। उम्मीद से भी अधिक फसल उत्पादन होने से कटाई के लिए मजदूर और मशीने कम पड़ गए है। इसका विपरीत प्रभाव छोटे किसानों पर पड़ रहा है। कम्पाइन मशीनें तो 10 बीघा से छोटे खेत में कटाई का काम कर ही नहीं रही है। मजदूर भी ऐसे खेतों में काम करने के इच्छुक रहते है जिनमें अधिक दिन काम करने का अवसर मिले। ऐसे छोटे किसान जिनके पास एक बीघा से पांच बीघा तक भूमि है ऐसे किसानों के खेतों में न तो कम्पाइन मशीन और न ही चेतुए कटाई कर रहे है। इससे कई खेतों में गेहूं न सिर्फ पककर खड़ा बल्कि सूख कर बिखरने भी लगा है।



## खबर संक्षेप

### मर्ग की जांच पर दर्ज किया गया मामला




**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत बोहरे कालोनी निवासी अंजूलता पत्नि ओमप्रकाष गुप्ता उम्र 47 साल निवासी बोहरे कालोनी की 30 जून 2023 को अपने घर पर ही मौत हो गई थी। उक्त मर्ग की जाच पर से पुलिस ने अमित पुत्र रामचरण गुप्ता के विरूध मामला दर्ज किया है।

दहेज प्रताडना का मामला दर्ज।

अशोकनगर। जिले के सहराई थाने के अतर्गत सहराई निवासी शायना बी पत्नि नहीम खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शरीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था। पुलिस ने ससुराल पक्ष के नजीर खान ,शहनाज बानो नसीर खान ,खालिद खान के विरूध दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है।

### 315 बोर का कटटा व जिंदा कारतूस मिला


**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अतर्गत पुलिस ने ग्राम ढोडा निवासी गोलू उर्फ विक्रम बुदेला के पास से 315 बोर की अधिया व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

### खेत में मृत अवस्था में मिली महिला

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत श्यामबाई पत्नि पातीराम आदिवासी उम्र 45 साल नवल केवल के खेत मे मृत अवस्था मे मिली है। किषन आदिवासी की सूचना पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अतर्गत ग्राम खैराई निवासी राजू पुत्र हरदास आदिवासी उम्र 23 साल ने अज्ञात कारणो के चलते मुनीम के घर के पीछे दयालपुर मे फांसी लगाकर खुदकुषी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजनो को सोप दिया है।



### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज



**अशोकनगर।** जिले मे सडक दुर्घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने के अतर्गत मोनू पुत्र पवन ओझा निवासी ग्राम बीरा थाना भौती जिला षिवपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बस क्रमांक एमपी 33 पीओ 277 के चालक गोविन्द चंदेल ने माता मंदिर के पास अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है। इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत बीसौर नईसराय निवासी अर्जुन कुषवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात के्रटा गाडी के चालक ने मेट्रो पेट्रोल पंप के पास गाव की पुलिया के पास उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आई।

### कलेक्टर ने एक अपराधी को किया जिलाबदर

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त एक अपराधी को जिला बदर किये जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार अनावेदक अम्मू उर्फ अमित पुत्र प्रकाशचंद जाति गुप्ता उम्र 40 साल निवासी बजरिया मोहल्ला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 28 प्रकरण दर्ज होने पर एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर किया गया है। अनावेदगण जिला बदर की अवधि में अशोकनगर जिले से लगे हुए समीपवर्ती जिला गुना,शिवपुरी,विदिशा एवं सागर की भौगौलिक सीमाओं से निष्कासित करने एवं बिना किसी विधि संगत एवं सक्षम आदेश/अनुमति के अशोकनगर जिले की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही कर सकेगा।

## दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों ने दिया घटना को अंजाम, फायरिंग के अलावा पथराव भी किया गया

# जाटव समाज के दो गुटों में विवाद, एक ग्रामीण की गोली मारकर हत्या

**शिवपुरी जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम घटवरा की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के पिछोर थाना सीमा में आने वाले गांव घटवरा में एक ग्रामीण के घर में घुसकर उसे बाहर खींचकर 2 महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गोली काण्ड के बाद घायल को पिछोर अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिछोर थाना पुलिस ने नाम दर्ज हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मृतक रामनिवास जाटव उम्र 42 साल पुत्र रघुना जाटव निवासी घटबरा 20 साल के बेटे साधु ने बताया कि हमारे घर के सामने रहने वाले लालाराम जाटव , सचिन जाटव, पार्वती, हसमुखी, विमला पिछले 3 दिनों से गाली गलौज कर रहे थे और झगडा करने पर उतारू थे। हमारा परिवार इस झगडे से बचकर चल रहा था। 28 मार्च को रात 9 बजे हमारे घर के सामने लालाराम जाटव, गौरी शंकर उर्फ वकील जाटव, सचिन जाटव, विमला जाटव, हसमुखी जाटव हथियारों से लैस होकर आए और गाली गलौज करने लगे,इसके बाद इन्होने हमारे घर पर पथराव कर दिया। इस घटना के 15 मिनिट बाद मेरे पिता रामनिवास जाटव गांव से लौटकर घर की ओर आ रहे थे, इन सभी लोगों ने उनको घर के बाहर ही पकड़ लिया,वह इनसे कह रहे थे हम कोई लडाई झगडा नही करना चाहते है। फिर वह कहने लगे की तुझे निवटाकर हम आज यह किस्सा ही खत्म कर देते है।

यह सभी रामनिवास को अपने घर की ओर खींचकर ले गए और हमारा परिवार उन्हें बचाने के लिए दौड़ा तो हसमुखी जाटव और विमला जाटव ने कहा कि इसमें गोली मार दो और यह किस्सा यही खत्म कर दो। इसके बाद लालाराम ने 315 बोर के कट्टे से फायर किया तो निशाना चूक गया,इसके बाद सचिन जाटव ने रामनिवास की ओर 315 बोर की अधिया से गोली दाग दी,वह गोली भी चूक गई। बताया जा रहा है कि तभी धर्मेन्द्र यादव ने 315 बोर के कट्टे से रामनिवास के पास आकर गोली मार दी जो रामनिवास की छाती में जा लगी। गोली लगते ही रामनिवास जमीन पर गिर पड़ा और यह सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल रामनिवास जाटव को परिजन पिछोर अस्पताल इलाज के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खेत पर बनी किसान की झोंपड़ी में भड़की आग

**शिवपुरी।** जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गुरीला गांव में बीती शाम किसान के खेत में बनी झोपड़ी में आग भड़क गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना में किसान को करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। किसान की झोंपड़ी में रखा हुआ सामान जलकर राख हो गया है। किसान केशव परिहार ने बताया की उसके खेत पर झोंपड़ी बनी है, जिसमें अचानक शॉर्ट सर्किट की बजह से आग लग गई। जिसकी सूचना तत्काल फायर बिग्रेड को दी। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया । आगजनी की इस घटना में झोपड़ी में रखी 6 क्विंटल मूंगफली, 1 क्विंटल सोयाबीन, 4 क्विंटल चना, 4 कट्टे खाद और 4 हजार केश जलकर खाक हो गया। आगजनी की सूचना के बाद पटवारी ने मौके का मुआयना कर लिया है।

### व्यापारी के साथ मारपीट कर किया दुकान से बेदखल

**शिवपुरी।** सिटी कोलतवाी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली थोक सब्जी मंडी में सालो से व्यापार कर रहे व्यापारी ने अपने पार्टनर व्यापारी से मारपीट कर उसे दुकान से बेदखल कर दिया। पीडित ने बताया कि साथी व्यापारी ने उसके साथ मारपीट करते हुए धार्मिक गंली गलौच कर झूठा पैसे लेने का आरोप लगाते हुए उसे दुकान से बहार कर दिया है। जिसकी शिकायत सिटी कोतवाली में भी दर्ज कराई गई है। शहर के कमलागंज ए.बी. रोड पर रहने वाले तरूण भुगडा पुत्र स्व.जोगराज भुगडा ने बताया कि सालों से मेरे पिता स्व.जोगराज भुगडा और मुन्ना राईन पुत्र रमजान खांन सब्जी मंडी शिवपुरी मानस भवन में पार्टनरी से मुन्ना जोगराज आलू एण्ड कम्पनी, के नाम से थोप की दुकान संचालित करते आ रहे थे। लेकिन मुन्ना राईन पुत्र रमजान खांन एवं इसका लडका इरशाद राईन पूर्व मंडी अध्यक्ष निवासी इन्द्रा कॉलोनी शिवपुरी द्वारा अवैध रूप से पूरी दुकान पर कब्जा कर मुझे वेदखल कर दिया है।

### रेत के अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

**शिवपुरी।** जिले में रेत का अवैध उत्खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा है इसको लेकर जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने जिला खनिज अधिकारी प्रमोद शर्मा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं इन्हीं निर्देशों के पालन में जिला खनिज अधिकारी प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में खनिज इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया है विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता है ऐसे में विभाग को शिकायत मिली थी की करैरा थाना क्षेत्र मे सिरसोना गांव में नदी किनारे रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है इस शिकायत पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई को अंजाम दिया कार्रवाई में खनिज विभाग की टीम ने रेत का अवैध उत्खनन करने में जिस सामान का प्रयोग किया जाता है उस सामान को जप्त कर लिया है कार्रवाई के दौरान खनिज इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास ने बताया है कि जिले में किसी भी तरह का अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा है की किसी भी तरह के माफियाओं को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।

## पर्याप्त पानी मिले इसलिए बढ़ा दिया वाटर सप्लाई का समय

**चंदेरी।** चंदेरी शहर में पानी की समस्या से अब लोगों को और भी राहत मिलेगी। नगरपालिका ने शहर में पानी की सप्लाई में पहले की अपेक्षा में समय बढ़ाया है। ताकि शहर वासियों को पर्याप्त पानी मिल सके। नगरपालिका की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि गर्मियों के दिनों में पानी की खपत अधिक होती हैं। इसलिए नगर में पानी की सप्लाई में करीब 15 मिनिट और समय बड़ाया हैं। जिससे पानी के लिए नगर में परेशानी न हो। नगर पालिका सीएमओ रीना राठौर ने बताया कि शहर में पानी सप्लाई को लेकर कोई समस्या नहीं है। वार्डो में पानी की सप्लाई निरन्तर की जा रही हैं। बल्कि अब तो पानी सप्लाई के समय को बड़ा दिया गया हैं। जिससे नगरवासियों को पर्याप्त पानी मिल सके। उन्होंने बताया कि एक एरिया में करीबन दो घंटे पानी की सप्लाई की जा रही हैं।

### मोटर खराब होने की वजह से हुई थी परेशानी, अब घरों तक पहुंच रहा पानी

गर्मी के दिनों में नगर वासियों को पानी के लिए अक्सर परेशान होना पड़ता है पिछले दोनों चंदेरी नगर में पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी। जिसका कारण ग्राम बड़ेरा में रखी पानी सप्लाई की मोटर खराब होना बताया गया था। और नगरवासियों को इस दौरान पानी की समस्या से जूझना पड़ा। और चंदेरी नगरपालिका द्वारा टैंकरों से बार्डो में पानी सप्लाई कराया गया। लेकिन अब मोटर सही होने के बाद नगरपालिका द्वारा सप्लाई किया जा रहा पेय जल अब लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

## करीला मेलाः स्टेशन पर पानी है न सुविधाएं, भ्रमण के दौरान परामर्श दात्री समिति के सदस्य ने जानी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





सुनील आचार्य क्षेत्रीय रेल परामर्श दात्री सदस्य सुनील आचार्य ने अशोकनगर स्टेशन का भ्रमण किया। ज्ञात हो कि 30 मार्च को रंग पंचमी है जहा सरकारी आकडो के हिसाव से 20 लाख लोग आस्था के धाम करीला के रंग पंचमी मैला में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

जाहिर सी बात है कि अशोकनगर स्टेशन पर भी रंग पंचमी करीला मैला की भीड स्टेशन पर देखने को मिलेगी। लेकिन स्टेषन पर यात्रियो के लिए उपलब्ध सुविधाओ के लिए जाना। इस दौरान उन्होने प्लेटफार्म 2 पर यात्रियो की पानी की अव्यवस्था को देखा नलो पानी नही आ रहा था, नलो की जगह लकडी के गटठे फंसे हुये थे। प्लेटफार्म 1 पर वाटर कूलर बंद था पानी नही आ रहा था। जो पानी का टंकी रखी है वहा के नल भी बंद है। शौचालय की कोई व्यवस्था नही है। उन्होने कहा इस मेले को देखते हुए आने वाले यात्रियो की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए था। जिसकी ओर कोई ध्यान नही दिया गया है। इस तरह की समस्याए अशोकनगर प्लेटफार्म पर लंबे समय से बनी है। उन्होने मांग की कि टिकट खिडकी की संख्या बढाई जाना चाहिए था लेकिन वह भी नही बढाई गई। आने वाले समय मे इन समस्याओ का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा।

## राजपुर में कचरे के ढेर, समय पर सफाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पचायत की उदासीनता के कारण आए दिन सड़कों ,गलियों में कचरे के ढ़ेर लगें दिखाई देते हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पंचायत ने सफाई कर्मचारी रखें है लेकिन उन्हें समय पर पचायत वेतन नहीं देती हैं इसी कारण से वह ग्राम की गलियों मैं जगह-जगह कचरा के ढ़ेर दिखाई देते है। उन से वदवु आती रहतीं है जबकि पंचायत हाट बाजार की नीलामी से उनका वेतन देती है।

### पोस्टल बैलेट की सुविधा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा के लिए विभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जारी आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नीरज छारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी,परियोजना अधिकारी विनोद उन्नीतान अग्निशमन अधिकारी/कर्मचारी,महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा ऊर्जा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा प्रोग्रामर गुमान सिंह नरवरिया को मीडियाकर्मियों हेतु नियुक्त किया गया है।

## पुलिस ने दर्ज किए मारपीट से जुड़ी घटनाओं के कई मामले


**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गर्रौली निवासी लालाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रामकृष्ण अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी मनमोहन यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी संजू यादव और भूवेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी नीरज केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बलवीर कटारिया और अजब सिंह कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाट का पुरा निवासी कमल सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सीताराम अहिरवार,राज अहिरवार हजारी लाल अहिरवार और दीनेष खटीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बडी पिपरौल मे दो पक्षो मे आपसी मारपीट



के बाद पुलिस ने दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर से मामले दर्ज किए है। एक पक्ष की ओर से मुकेष पुत्र किषनलाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शषांत यादव,हरपाल यादव,अमोल यादव,कप्तान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से अमोल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुकेष शर्मा,बालकिषन शर्मा,किषन शर्मा, सोनू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 12 वर्षीय किशोरी ने लगाई फांसी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत बेलई निवासी 12 वर्षीय किषोरी को मृत अवस्था मे शव परीक्षण हेतू जिला अस्पताल लाया गया है। जहा अस्पताल की सूचना पर अस्पताल चैकी पुलिस ने किषोरी का शव परीक्षण कराया। इस दौरान किषोरी के पिता मोहन ओझा ने बताया कि उसकी बेटी कक्षा 8 की परीक्षा दे चुकी है। वह घर पर थी उसकी मॉ फसल की कटाई करने गई हुई थी और मे देवताओ के दर्षन कर घर लौटा था। उसने मुझे दुकान खोलने के लिए चाबी और पानी पीने के लिए दिया था। मे घर के बाहर से ही दुकान खोलने चला गया। इसी दौरान मेरा छोटा बच्चा दौडकर आया और मुझसे कहा कि दीदी अपने गले मे जेवरिया (रस्सी) डाले हुए है। मे जब तक घर पहुचा तब तक वह फंदे पर लटक चुकी थी। हमे ऐसा कुछ पता नही है कि उसने क्यो फांसी लगाई। न ही हमे कुछ समझ आ रहा हैं। कभी किसी से उसका झगडा नही हुआ। हमारा घर खेत मे मेन रोड के किनारे बना है। पुलिस ने किषोरी का शव परीक्षण कराकर परिवारजनो को सोप दिया। बहादुरपुर पुलिस मृतक किषोरी के मामले की जाच मे जुट गई है। आखिर वह कौन सी परिस्थितिया थी कि 12 वर्ष की किषोरी को फांसी का फंदा लगाकर जान देना पडी।



## नियमित विविध योगासन के साथ ही ध्यान का अभ्यास भी कराया गया

# एक पखवाड़े तक चले योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं कैवल्य धाम योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल के सहयोग से महाविद्यालय में 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया । शिविर की शुरूआत 14 मार्च को की गई थी।

योगाचार्य राकेश चैहान द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को नियमित योगासन के साथ ध्यान का भी अभ्यास कराया गया सभी छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एव स्टाफ प्रशिक्षणार्थियों ने योग प्रशिक्षण का लाभ लिया । उनके द्वारा सिखाया गया कि नियमित योगासन के अभ्यास से मानव शरीर की कई बीमारियों को आप जड़ से खत्म कर सकते हैं, वहीं मानसिक तनाव और ऊर्जा को भी बढ़ा सकते हैं। जीवन में सुख और शांति के लिए एक मजबूत शरीर के साथ ही प्रबल मस्तिष्क की भी जरूरत होती है। भावनात्मक शरीर का अनुभव जीवन आसान और सुखमय बना सकता है। शिविर में योगाचार्य ने षटक्रिया का भी प्रदर्शन किया साथ ही विद्यार्थियों ने षटक्रिया का अभ्यास किया इस योग प्रशिक्षण में सभी उत्साहित थे ।



इस योग प्रशिक्षण शिविर का समापन महाविद्यालय के नवीन सभा हाल में किया गया और योग के महत्व को बताया। महाविद्यालय के डॉ. ए.एस. लहरिया द्वारा कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल से आए योगाचार्य को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया तथा इसके उपरांत योग के महत्व को बताया योगाचार्य ने भी योग के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में मनुष्य को यदि जीवन यापन रोग रहित करना है तो योग को अपनाना होगा क्योंकि आधुनिक युग में जब विज्ञान का प्रभाव पड़ रहा है जिसका दुष्प्रभाव मानव शरीर पर भी है इसके उपरांत योगाचार्य जी को महाविद्यालय के डॉ. ए.एस. लहरिया द्वारा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।